आईआईएम रांची के थनपम को 67 लाख का पैकेज

रांची, वरीय संवाददाता। आईआईएम रांची के छात्र थनपम कासोमहंग को रिकॉर्ड 67 लाख का पैकेज मिला है। हाल ही में हुए कैंपस प्लेसमेंट में उन्हें सिंगापुर की कंपनी ने यह ऑफर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आईआईएम रांची के किसी भी छात्र को अबतक मिलनेवाला यह सबसे बड़ा पैकेज है। हालांकि इस संबंध में आईआईएम प्रबंधन ने आधिकारिक पुष्टि करने से इनकार कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मणिपुर के उखरुल जिले के 22 वर्षीय

थनपम मार्केटिंग में एमबीए कर रहे हैं। फिलहाल एक साल के लिए नाइजीरिया में ट्रेनिंग होगी। उसके बाद सिंगापुर में ब्रांड मैनेजर के रूप में वह काम करेंगे। थनपम का कोर्स मार्च 2023 में पूरा होगा।

Hindustan_02.11.2022_Pg. 01.